SECURE OUR WORLD

CYBERSECURITY & INFRASTRUCTURE SECURITY AGENCY — CISA

# ऑनलाइन सेवाओं के सुरक्षित उपयोग के लिए 4 आसान तरीके


हमारी ऑनलाइन दुनिया को सुरक्षित रखने की आवश्यकता है। यह पक्का करने के लिए हम कुछ ऐसी चीजें कर सकते हैं कि हमारी जानकारी उन लोगों से सुरक्षित रहे जो इसे चुराना चाहते हैं।



## फ़िशिंग को पहचाने और इसकी रिपोर्ट करें

अधिकतर ऑनलाइन घुसपैठ “फ़िशिंग” संदेश प्राप्त करने वाले द्वारा गलती से मैलवेयर डाउनलोड करने या किसी स्पैमर को अपनी निजी जानकारी देने के परिणामस्वरूप सफल होते हैं। इन फ़िशिंग प्रयासों पर क्लिक न करें या इनमें शामिल न हों। इसके बजाय, इन्हें खतरे की ओर इशारा करती भाषा के उपयोग या ऑफ़रों के द्वारा पहचानें जिनका सच होना असंभव सा लगता है।

**फ़िश के बारे में रिपोर्ट करें और फ़िशिंग संदेशों को डिलीट कर दें।**



## कठिन पासवर्ड का उपयोग करें

आसान पासवर्ड का अनुमान लगाया जा सकता है। हर एक अकाउंट के लिए **कम से कम 16 वर्णों की लंबाई वाला,** क्रम रहित और विशेष पासवर्ड बनाएँ। एक पासवर्ड मैनेजर का उपयोग करें, जो पासवर्ड को सुरक्षित बनाए रखने और नए पासवर्ड बनाने वाला एक सुरक्षा प्रोग्राम है। यह उपयोग में आसान प्रोग्राम पासवर्ड को स्टोर करेगा और उन्हें वेब पर स्वचालित रूप से भरेगा।

****************



## मल्टीफ़ैक्टर ऑथेंटिकेशन (MFA) को चालू करें

MFA ऑफ़र करने वाली किसी भी साइट पर इसका उपयोग करें। MFA अकाउंट और ऐप्स में लॉग इन करते समय पासवर्ड के अलावा फेस स्कैन और टेक्स्ट द्वारा भेजे जाने वाले एक कोड के रूप में सुरक्षा की एक अतिरिक्त परत प्रदान करता है।

**MFA का उपयोग करने से हैक होने का ख़तरा बहुत कम हो जाएगा।**